राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–167/2024

श्री नीतीश कुमार अजातशत्रु हैं – राज्यपाल

पटना, 18 अगस्त, 2024 :– ''श्री नीतीश कुमार अजातशत्रु हैं। विपक्ष के साथ भी उनके अच्छे संबंध है। अपने विरोधियों के लिए उन्होंने कभी भी कोई गलत शब्द का इस्तेमाल नही किया, चाहे वे जिस दल के साथ भी सरकार चला रहे हों। विपक्ष भी श्री नीतीश कुमार की व्यक्तिगत आलोचना नही करता है। नीतीश जी के मन में किसी के प्रति कोई दुर्भावना नही है।'' –यह बातें माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार विधान सभा के ऑडिटोरियम में डॉ० अशोक चौधरी एवं श्रीमती शांभवी चौधरी द्वारा लिखित ''बिहार के गाँधी : नीतीश कुमार'' एवं ''The Gandhian Statesman of Bihar : Nitish Kumar'' पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल ने कहा कि श्री नीतीश कुमार वास्तव में विकास पुरूष हैं और बिहार के विकास के लिए समर्पित हैं। उनके मन में सामान्य जनता के लिए काफी संवेदना है। बिहार का सौभाग्य है कि वह लंबे समय से इस राज्य के मुख्यमंत्री हैं। अन्य प्रदेश के नेताओं को भी उनसे सीख लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को लागू करने में सहयोग किया। मुख्यमंत्री ने राजभवन में राजेन्द्र भवन एवं अतिथि गृह के निर्माण के लिए भी सक्रियता दिखाई। श्री नीतीश कुमार सामने वाले व्यक्ति को आश्वस्त करते हैं कि वे उनके साथ हैं। उन्होंने अपने मुँह से कभी भी स्वयं को समाजवादी नही कहा, परन्तु वे समाज के लिए लगातार काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का राज्यपाल बनने के बाद इस राज्य और यहाँ के मुख्यमंत्री के बारे में उनकी भ्रांतियाँ दूर हो गईं।

राज्यपाल ने अपने अभियान ''आओ पुस्तक पढ़ें, पढ़े बिहार, बढ़े बिहार'' की चर्चा करते हुए कहा कि लोगों को पुस्तक पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज लोकार्पित पुस्तकों को पढ़कर बच्चों एवं अन्य लोगों को श्री नीतीश कुमार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सीखने को मिलेगा।

कार्यक्रम को बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, माननीय ग्रामीण कार्य मंत्री एवं लोकार्पित पुस्तक के लेखक श्री अशोक चौधरी, लोकसभा की माननीय सदस्य एवं सह लेखिका श्रीमती शांभवी चौधरी, लोकसभा के माननीय सदस्य श्री अरूण गोविल, सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पद्म भूषण श्री उदित नारायण, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो० एस०पी० शाही एवं प्रभात प्रकाशन के श्री पीयूष कुमार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....